आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर द्वीपों की समुद्री सुरक्षा, सामरिक चुनौतियों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।
2. द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल धन्नीखाड़ी बांध का दौरा किया और जल भंडारण की स्थिति की समीक्षा की।
3. अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड में ऋण नीति में संशोधन कर ग्राहकों के लिए ऋण सुविधाएं पुनः शुरू की गई हैं।
4. एशियन गेम्स का आज समापन होने जा रहा है– भारत कुल पचासी पदक के साथ चौथे स्थान पर रहा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ, वाइस एड्मिरल विनीत मैकार्थी ने लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान द्वीपों की समुद्री सुरक्षा, सामरिक चुनौतियों और द्वीप समूह से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी अधिकारी डॉ. सी. शिवपेरुमन ने भी उपराज्यपाल से मुलाकात कर पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और द्वीपों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष एम. वसंता, दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष पी. उम्मर, प्रधान देवव्रत दास ने अपने–अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ उपराज्यपाल से मुलाकात की और स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। उपराज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि द्वीपों के समग्र विकास, पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण और समुद्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रहेगी।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल धन्नीखाड़ी बांध का दौरा किया और जल भंडारण की स्थिति की समीक्षा की। दौरे के दौरान अधिकारियों ने उपराज्यपाल को अवगत कराया कि इस वर्ष मानसून के दौरान द्वीपों में 27 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जिसका असर बांध के जल स्तर पर पड़ा है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए, उपराज्यपाल ने सभी संबंधित विभागों को आगामी मार्च से मई की अवधि के दौरान जल संकट की संभावना को ध्यान में रखते हुए समय रहते एक ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि गर्मियों के दौरान आम जनता को पीने के पानी की किसी भी किल्लत का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे ने बताया कि उपराज्यपाल के निर्देशानुसार 'रटलैंड चरण–2 जल परियोजना' पर कार्य तेज गति से चल रहा है। दिसंबर तक इसके पूरा होने पर, इस परियोजना से अतिरिक्त 1 एमएलडी पानी उपलब्ध होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बर्मानाला से झुनझुन नाला तक पानी की पाइपलाइन जोड़ने का काम भी प्रगति पर है। काम पूरा होने पर इस परियोजना से द्वीपवासियों को 5 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति हो सकेगी ।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल अंडमान निकोबार द्वीप समूह चिकित्सा विज्ञान संस्थान–अनिम्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उपराज्यपाल ने सबसे पहले संस्थान परिसर में वृक्षारोपण गतिविधि में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित शैक्षणिक भवन का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं तथा चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने साइंस बिल्डिंग के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, निर्धारित समय–सीमा का पालन, पारदर्शिता और निर्धारित नियमों व प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उपराज्यपाल ने बालक छात्रावास और मेस का भी निरीक्षण किया और मेस परिसर में नियमित सफाई तथा स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बंद पड़ी चिमनी की जल्द से जल्द मरम्मत कर उसे चालू करने, पारदर्शी खरीद प्रक्रिया के माध्यम से डीजी सेट व्यवस्थित करने और व्यायामशाला के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उपराज्यपाल

ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चेक डैम या जल भंडारण टैंक के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासन, अनिम्स, पुलिस और अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर चिन्मय मिशन में आयोजित कार्यक्रम में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, देखभाल और कल्याण की दिशा में चिन्मय मिशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्ग समाज की बहुमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने समाज से वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों और गरिमा के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वृद्धावस्था को 'रिटायर्ड लेकिन टायर्ड' की मानसिकता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव और ज्ञान एक मजबूत, अधिक सामंजस्यपूर्ण और खुशहाल समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की इकसठवीं वार्षिक बैठक कल आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष गौरांग दत्ता ने किया। बैठक में प्रबंध निदेशक अभिनव पाल ने कहा कि बैंक शहरी, ग्रामीण और भौगोलिक दृष्टि से दूर–दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक किसानों, मछुआरों, छोटे व्यापारियों आदि की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और बैंकिंग तथा आईटी के क्षेत्र में समग्र विकास को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने और इसके सतत विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जमा राशि बढ़ाने और बकाया ऋणों की वसूली को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए तीनों जिलों के लिए एफएलसी परामर्शदाताओं, सहकारी इंटर्न, वसूली अधिकारी, कानूनी सलाहकार और सीआईएसओ की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही, लागू आरबीआई और नाबार्ड के दिशा–निर्देशों के अनुसार ऋण नीति में संशोधन कर ग्राहकों के लिए ऋण सुविधाएं पुनः शुरू की गई हैं। अध्यक्ष गौरांग दत्ता ने बैंक के कर्मचारियों की सराहना

करते हुए बैंक की प्रगति और समृद्धि के लिए दिए गए सभी सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर गुरु की रसोई की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रांची बस्ती, नमूनाघर को एक कंप्यूटर सिस्टम और प्रिंटर दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल के बच्चों को डिजिटल लर्निंग, कंप्यूटर शिक्षा और शैक्षिक संसाधनों तक बेहतर पहुंच प्रदान करना है। इस अवसर पर गुरु की रसोई के अध्यक्ष मनदीप ग्रेवाल ने कहा कि हर बच्चे को सीखने और आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सुविधाओं और अवसरों का अधिकार है।

<><><><><><><>

एशियन गेम्स का आज समापन होने जा रहा है। समापन समारोह जापान के नागोया सिटी मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में होगा। भारतीय समयानुसार यह कार्यक्रम शाम 6 बजे शुरू होगा। भारत ने इस बार शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पचासी पदक जीते हैं। इनमें इक्कीस स्वर्ण, सत्ताईस रजत और सैंतीस कांस्य पदक शामिल हैं। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। समापन समारोह में भारत की महिला ध्वजवाहक निशानेबाज नीरू धांडा होंगी। वह तिरंगा लेकर भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी।

<><><><><><><>